संख्या एक/41वी वाहिनी/भा.ति.सी.पु./स्था–2/न्यायिक जाँच जय प्रकाश सोरेन/2024– 1449

कार्यालय सेनानी, 41वी वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल
गृह मंत्रालय, भारत सरकार
विक्रम नगर कैम्प, तर्दुआ, जिला–खोर्धा(ओडिसा), पिन–752055
ई मेल–itcell41stbn@itbp.gov.in.

दिनांक :15.03.2024

नोटिस

दल संख्या 140561672 कॉंस्टेबल(जीडी) जय प्रकाश सोरेन, 'सपोर्ट' समवाय, 41वीं वाहिनी भातिसीपु बल सुपुत्र श्री रघुनाथ सोरेन, गांव–थाडिचुआ, डाकघर–झिपाबंध, तहसील–कुसुमी, थाना–बादामपाहार, जिला–मयूरभंज, राज्य–ओड्शिा, पिन–757047 को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको दिनांक 20.11.2023(पूर्वा) से 04.12.2023 (अप्रा0) तक 15 दिन अर्जित अवकाश सामरिक मुख्यालय कोण्डागॉव (41वीं वाहिनी) से स्वीकृत किया गया था परन्तु आप बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं पूर्व सूचना के दिनांक 04.12.2023 (अप्रा0) से अवकाश से अनुपस्थित चल रहे है। आपको समय–समय पर अपनी ड्यूटी पर आमद देने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र के माध्यम से निर्देशित किया जाता रहा, परन्तु आपने न तो अपनी आमद दी है और न ही उक्त विषय पर किसी भी प्रकार की सूचना से इस कार्यालय को अवगत कराया गया है एवं बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति/स्वीकृत अवकाय से स्वेच्छा से दिनांक 04.12.2023 (अप्रा.) से अनुस्थित चल रहे हैं। इस कार्यालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6749–51 दिनांक 14.12.2023, एवं कार्यालय ज्ञापन संख्या 6977–79 दिनांक 30.12.2023 के तहत आपको 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल मुख्यालय, विक्रम नगर कैम्प, तर्दुआ, खोर्धा (ओड्शिा) में उपस्थित होने के लिए बार–बार निर्देश दिये गए हैं, परंतु आप वाहिनी मुख्यालय, 41वीं वाहिनी में आमद नहीं हुई। इसके अलावा भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम 1992 की धारा 72 एवं 73 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप में 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल के पत्रांक संख्या 74–85 दिनांक 11.01.2024 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला–मयूरभंज (ओड्शिा) को आपको गिरफ्तार कर 40/41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस को सुपुर्द करने हेतु अनुरोध किया गया, परंतु पुलिस द्वारा अभी तक आपको इस वाहिनी के सुपुर्द नहीं किया गया है।

02. आप दिनांक 04.12.2023 (अप्रा0) से अवकाश से अनुपस्थित होने के कारण इस कार्यालय के आदेश संख्या–195 दिनांक–15.01.2024 के तहत अवकाश से अनुपस्थित होने के कारणों का पता लगाने हेतु न्यायिक जॉच समिति का गठन किया गया एवं गठित न्यायिक जॉच समिति की संस्तुति के आधार पर 41वी वाहिनी के आदेश संख्या 267–81 दिनांक 30.01.2024 के तहत आपको दिनांक 04.12.2023 (अप्रा0) से बल से भगौडा **"Deemed to be a Deserter"** घोषित किया गया है, जिसकी प्रति पंजीकृत डाक के माध्यम से आपके गृहनगर के पते पर भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय के पंजीकृत पत्र संख्या 1194 दिनांक 02.03.2024 के तहत आपको कारण बताओ नोटिस **(Show Cause Notice)** भी जारी किया गया है।

3. दल संख्या 140561672 कॉंस्टेबल(जीडी) जय प्रकाश सोरेन, "सपोर्ट" समवाय, 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस पुत्र श्री रघुनाथ सोरेन को पुनः सूचित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर ड्यूटी हेतु अपनी आमद 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल, विक्रम नगर कैम्प, तर्दुआ, जिला–खोर्धा, ओड्शिा में दें अथवा अपने बचाव पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदानुसार उचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

(मनोज कुमार सिंह)
उप सेनानी/एडजुटेन्ट
41वी वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल

CBC – 19112/11/0017/2425